Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Digital Media News
डिजिटल अख़बार

19 मार्च 2026

राजकीय महाविद्यालय आनी में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा वर्षभर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया सम्मानित।

डिजिटल मीडिया न्यूज़/आनी। आज राजकीय महाविद्यालय आनी में रोड सेफ्टी क्लब ने रोड सेफ्टी क्लब द्वारा वर्ष भर में करवाई गई प्रतियोगिताओं में पुरस्कार विजेताओं को बांटे पुरस्कार। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दायक राम ठाकुर रहे। रोड सेफ्टी क्लब के समन्वयक प्रोफेसर अशोक भारद्वाज ने कहा कि क्लब ने वर्ष भर स्लोगन, पोस्टर मेकिंग, क्विज, नुक्कड़ नाटक रैली जैसे कार्यक्रम आयोजित किए। और आज पुरस्कार वितरण के साथ साथ भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रानिका, द्वितीय अरुण तृतीय स्थान कशिश ने प्राप्त किया। स्लोगन में प्रथम हितिशा द्वितीय रानिका तृतीय शिवानी पोस्टर मेकिंग में प्रथम वर्षा शर्मा द्वितीय तनिक तृतीय रानिका ने प्राप्त किया भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रोफेसर पुष्पा गुलेरिया और प्रोफेसर सीमा ने निभाई। प्राचार्य डॉक्टर दायक ठाकुर ने अपने भाषण में रोड सेफ्टी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी छात्रों को प्रदान की। इस अवसर पर प्रोफेसर विजय कुमार, प्रोफेसर पंपी, रोड सेफ्टी के उपाध्यक करुणा शर्मा, मनोज, सलीम, तानिका सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner

राजकीय महाविद्यालय आनी में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया सम्मानित, सड़क सुरक्षा पर दिया जागरूकता संदेश

[illegible] शर्मा

आनी: राजकीय महाविद्यालय आनी में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा वर्ष भर आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करने हेतु एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. [illegible] राम ठाकुर रहे।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए रोड सेफ्टी क्लब के समन्वयक प्रोफेसर आलोक भारद्वाज ने बताया कि क्लब द्वारा पूरे वर्ष स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग, क्विज, नुक्कड़ नाटक तथा जागरूकता रैली जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

इस अवसर पर पुरस्कार वितरण के साथ-साथ भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में [illegible] ने प्रथम, [illegible] ने द्वितीय तथा [illegible] ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में [illegible] प्रथम, [illegible] द्वितीय और [illegible] तृतीय स्थान पर रहीं। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में [illegible] शर्मा ने प्रथम, [illegible] ने द्वितीय और [illegible] ने तृतीय स्थान हासिल किया।

भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रोफेसर पुष्प गुलेरिया एवं प्रोफेसर [illegible] ने निभाई। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. [illegible] राम ठाकुर ने अपने संबोधन में सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर प्रोफेसर विनय कुमार, प्रोफेसर [illegible], रोड सेफ्टी क्लब की उपाध्यक्ष [illegible] शर्मा, [illegible], [illegible], [illegible] सहित अन्य सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner